"email"

प्रेषक,

सचिव
उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्
रामनगर (नैनीताल)

सेवा में,

समस्त मुख्य शिक्षा अधिकारी
उत्तराखण्ड।

पत्रांकः उ०वि०शि०प० / शोध–पाठ0 / प्रति0प्रश्नपत्र / 271–76 / 2023–24 दिनांक 25 अक्टू0, 2023

विषयः हाईस्कूल परिषदीय् परीक्षा 2024 हेतु विद्यार्थियों व अध्यापकों के उपयोगार्थ विभिन्न विषयों के प्रतिदर्श प्रश्नपत्रों के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक अवगत कराया जाना है कि आगामी परिषदीय् परीक्षा 2024 हेतु हाईस्कूल स्तर पर विद्यार्थियों व अध्यापकों के अभ्यास व उपयोगार्थ विभिन्न विषयों के प्रतिदर्श प्रश्नपत्र (Sample Question Paper) तैयार कर परिषद् की वेबसाइट पर अपलोड किये गये हैं। इण्टरमीडिएट स्तर पर विभिन्न विषयों के प्रतिदर्श प्रश्नपत्र पूर्व में अपलोड किये जा चुके हैं। उक्त प्रतिदर्श प्रश्नपत्र परिषद् की वेबसाइट ubse.uk.gov.in के OLD/MODEL QUESTION PAPER लिंक पर उपलब्ध हैं। प्रतिदर्श प्रश्नपत्रों के माध्यम से परिषदीय् परीक्षा में सम्मिलित होने जा रहे विद्यार्थियों को परिषदीय् परीक्षा से सम्बन्धित आवश्यक पूर्वाभ्यास व समुचित तैयारी करवायी जानी है। इसी प्रकार अन्य विषयों में भी विषयाध्यापकों से प्रतिदर्श प्रश्नपत्र तैयार करवाकर विद्यार्थियों को परिषदीय् परीक्षा से सम्बन्धित आवश्यक तैयारी सुनिश्चित करवायी जानी है।

अतः उपरोक्त क्रम में आपको निर्देशित किया जाता है कि आगामी परिषदीय् परीक्षा 2024 हेतु अपने जनपद में समस्त संस्थाध्यक्षों, अध्यापक–अध्यापिकाओं व परिषदीय् परीक्षा में सम्मिलित होने जा रहे विद्यार्थियों को प्रतिदर्श प्रश्नपत्रों के सम्बन्ध में अवगत कराते हुये आवश्यक पूर्वाभ्यास व समुचित तैयारी करवाना सुनिश्चित करेंगे।

25/10/2023

(डा0 नीता तिवारी)
सचिव
उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्
रामनगर (नैनीताल)।

पृ0सं0ः उ०वि०शि०प० / शोध–पाठ0 / प्रति0प्रश्नपत्र / 271–76 / 2023–24 दिनांक उक्तवत्।

प्रतिलिपि निम्नांकित अधिकारियों की सेवा में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. निदेशक, माध्यमिक शिक्षा उत्तराखण्ड, देहरादून / सभापति, उ0वि0शि0प0 रामनगर (नैनीताल)।
2. निदेशक, अकादमिक शोध एवं प्रशिक्षण उत्तराखण्ड, देहरादून।
3. अपर निदेशक, एस0सी0ई0आर0टी0 उत्तराखण्ड, देहरादून।
4. समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारी, उत्तराखण्ड *(सम्बन्धित मुख्य शिक्षा अधिकारी के माध्यम से)*।
5. समस्त संस्थाध्यक्ष, उत्तराखण्ड *(सम्बन्धित मुख्य शिक्षा अधिकारी के माध्यम से)*।

25/10/2023

(डा0 नीता तिवारी)
सचिव
उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्
रामनगर (नैनीताल)।